## एक नजर में

### मादक पदार्थ तस्करी के 2 प्रकरणों में 2 वर्षों से फरार इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**नीमच।** थाना प्रभारी मनासा के नेतृत्व में थाना मनासा की पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरणों में फरार चल रहे 5000 रू के इनामी आरोपी राहुल पिता जगदीश बंजारा निवासी ग्राम खेड़ी दायमा थाना मनासा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना मनासा के अपराध क्रमांक 559/2023 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट में विगत 02 वर्षों से फरार एवं अपराध क्रमांक 444/24 धारा 8/15,29,25एनडीपीएस एक्ट में 01 वर्ष से फरार चल आरोपी राहुल पिता जगदीश बंजारा निवासी ग्राम खेड़ी दायमा थाना मनासा की निरंतर तलाश की जा रही थी जो अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह बदल कर फरारी काट रहा था। आरोपी राहुल बंजारा की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच द्वारा 5000 रूपये की उदघोषणा जारी की गई थी। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस थाना मनासा की टीम द्वारा ग्राम खेड़ी दायमा के दबिश देकर थाना मनासा के 02 प्रकरणों में फरार चल रहे 5000 रू के फरार आरोपी राहुल पिता जगदीश बंजारा निवासी ग्राम खेड़ी दायमा थाना मनासा को गिरफ्तार किया गया है।

### सुशासन भवन परिसर में 1 जनवरी को राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का हुआ सामूहिक गायन



**मंदसौर।** नववर्ष के अवसर पर मंदसौर कलेक्टर कार्यालय स्थित सुशासन भवन परिसर में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत गायन के माध्यम से देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।

### लायंस ने प्राप्त किये प्रेमलता मोदी के मरणोपरांत नेत्रदान



**मंदसौर।** जैन समाज की सुश्रविका श्रीमती प्रेमलता मोदी (जैन) के स्वर्गवास के पश्चात उनके परिवार ने लायंस क्लब मंदसौर की प्रेरणा से नेत्रदान कराया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया पूर्ण की। लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी और महेंद्र पोरवाल ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और उनके इस सेवाभावी निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब परिजनों के इस कदम को समाज के लिए एक प्रेरणादायी संदेश बताया गया है।

### सैनिक स्कूल मंदसौर में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मन्दसौर।** सैनिक स्कूल मंदसौर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, अनुशासित वातावरण में विद्यालय के जनरल बिपिन रावत खेल परिसर में हुआ। यह खेल प्रतियोगिता 1 से 2 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यालय बैंड एवं चारों सदनों (पिनाक, वज्र, सुदर्शन और त्रिशूल) के कैडेट्स द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मार्च पास्ट के उपरांत अतिथियों के उदघोष के साथ खेल प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), रिले रेस सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं। प्रारंभिक मुकाबलों में कैडेट्स ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रविन्द्र सोहोनी (पूर्व प्राचार्य राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर, सदस्य क्षेत्रीय कार्यकारिणी विद्या भारती), भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के संयुक्त सचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा तथा सैनिक स्कूल मंदसौर के प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदी सभी शिक्षक, इंस्ट्रक्टर एवं कैडेटस उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्तर की थ्रो बॉल प्रतियोगिता का भानपुरा में शुभारंभ




मंदसौर .46वीं नेशनल सीनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 550 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा भानपुरा। भानपुरा नगर के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित 46वीं नेशनल सीनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ 1 जनवरी को हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 23 राज्यों से लगभग 550 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ से पूर्व सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर से खिलाड़ियों की भव्य रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। रैली में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी अपनी-अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जिसे देखकर नगरवासी उत्साहित नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर खिलाड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। स्थानीय बस स्टैंड पर पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ के नेतृत्व में खिलाड़ियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान : जिले में 5 हजार से अधिक हितग्राही लाभांवित

**नीमच। जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में सुशासन की दिशा में अभिनव पहल प्रशासन गांव की और अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में 22 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायत कलस्टर मुख्यालयों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाकर, हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। गुरूवार को आयोजित शिविरों में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, राजस्व एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पांच हजार से अधिक हितग्राहियों को सेवाएं प्रदान कर लाभांवित किया गया है।**

विशेष राजस्व शिविरों में 2723 आवेदन प्राप्त - 551 निराकृत

प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत गुरूवार को जिले में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों में कुल 2723 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 551 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 2172 आवेदन लंबित रखे जाकर, संबंधित तहसीलदार द्वारा उनका समय सीमा में निराकरण करने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत नामांतरण के 599, बंटवारा के 255, सीमांकन के 51, कब्जा विवाद के 22, रास्ता विवाद के 74, खसरे नक्षे में बटांकन के 235, राजस्व पुलिस के मध्यस्थता संबंधी 19 आवेदन प्राप्त हुए है। राजस्व रिकार्ड मे



आदेश अमल के 212, बी1 वाचन उपरांत रिकार्ड सुधार के 497 आवेदन, ग्राम आबादी के प्रस्ताव 37, फार्मर रजिस्ट्री के 221, आरओआर केवायसी के 393, नक्क्षे में त्रुटिसुधार के 130 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से कुल 551 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया है।

### स्वास्थ्य शिविरों में 1616 हितग्राही लाभांवित

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरूवार को प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित किए गये शिविरों में 1616 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इनमें 1332 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच, 1112 हितग्राहियों की एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, 17 नवीन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, टीकाकरण से छूटे 13 बच्चों का टीकाकरण, 440 बच्चों एवं 178 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच, संभावित 311 टी.बी.मरीजों की खंखार पट्टी संग्रहण एवं जाचं की गई। 28 हितग्राहियों की समग्र आईडी समस्या का समाधान, 23 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन भी शिविर में किया गया है।

### 61 समग्र ईकेवायसी अपडेट, 699 आवास हितग्राहियों का सत्यापन

प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत गुरूवार को जिले में आयोजित शिविरों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। मनरेगा के 79 हितग्राहियों की ई-केवायसी अपडेट, प्रधानमंत्री आवास के 699 हितग्राहियों का चेकर सत्यापन, 10 आवास हितग्राहियों की समग्र सिंडिंग, 61 हितग्राहियों की समग्र आईडी समस्या का समाधान, पेंशन योजना के हितग्राहियों के 18 नये आवेदन प्राप्त कर, उनका सत्यापन, शौचालय निर्माण के नवीन 29 हितग्राहियों का चिंहाकन, संबल कर्मकार के 41 नये हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है। अमृत सरोवर, डगवेल, खेत तालाब , मां की बगिया के एक कार्य का मस्टर जारी कर मजदूरी की बुकिंग की गई।



## बेटी स्वीटी ने निभाया बेटे का फर्ज पिता वीरेंद्र जैन को दी मुखाग्नि

**झांतला।** पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित ग्राम झातला के वीरेंद्र कुमार जैन का गुरुवार 1 जनवरी को प्रात: 9:00 बजे महज 48 साल की उम्र में निधन हो गया जिनकी अंतिम शवयात्रा निज आवास से ग्राम के विभिन्न मार्गो से होती हुई झिकरी के दड़े श्मशान घाट ले जाई गई जहां उनकी इकलौती बेटी स्वीटी जैन ने एक बेटे का फर्ज निभाते हुए पिता को मुखाग्नि दी व अंतिम क्रिया की सभी रश्में निभाई । बेटी स्वीटी द्वारा एक पिता के लिये अंतिम बार निभाई जा रही रस्मों को देखकर वहां मौजूद अंतिम यात्रा में शामिल सभी लोगों की आंखों से आंसू निकल पड़े। वीरेंद्र कुमार जैन हंसमुख, मिलनसार, नेक दिल, ईमानदार ,

कर्तव्यनिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे। आपकी अंतिम शव यात्रा मेंविमल कुमार जैन, भाजपा मंडल महामंत्री पारस जैन, सूरजमल जैन अध्यापक जम्मू कुमार जैन सुनील दुगेरिया, नीरज जैन पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन पत्रकार सतीश सेन अनिल दुगेरिया, बाबूलाल जैन थड़ोद, दीपक जैन, प्रकाश जैन हलवाई, राजेश सोनी विनोद जैन संजय जैन, नीरज जैन जनपद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, अध्यापक संतोष खेर, बाबूलाल जैन धनगांव, सोहनलाल हवलदार सहित समाज जन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राजपूत क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण, 10 टीमें हिस्सा लेंगी

### पहले दिन हुए पुलिस-वकील और राजपूत समाज-पत्रकार टीम के मुकाबले

**नीमच। नगर में राजपूत समाज की ओर से आयोजित 'राजपूत क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026' का दूसरा संस्करण 1 जनवरी से शुरू हो गया है। यह प्रतियोगिता 4 जनवरी तक चलेगी। आयोजकों ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज की खेल प्रतिभाओं को मंच देना और युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है।**

माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गुरुवार सुबह हुआ। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, आरआई विक्रम सिंह भदौरिया, हिम्मत सिंह चंद्रावत और कपिल सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे। अतिथियों ने शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।




पहले दिन के मुकाबले-उद्घाटन सत्र में पहला मुकाबला पुलिस विभाग और एडवोकेट इलेवन टीम के बीच खेला गया। इसमें पुलिस टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद राजपूत 11 और पत्रकार क्रिकेट टीम के बीच दूसरा मैच हुआ, जिसे राजपूत 11 ने जीता।

10 टीमें हिस्सा लेंगी-चार दिवसीय इस लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतिदिन तीन मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सभी टीमों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे ताकि युवाओं का उत्साह बना रहे।

समाज में खेलों को मिलेगा बढ़ावा-राजपूत समाज के पदाधिकारी बताते हैं कि इस लीग का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इसे लगातार आयोजित किया जाएगा ताकि समाज के खेल प्रतिभाओं को अवसर मिले।

## पशुपालन से मिली आर्थिक समृद्धि की राह



**नीमच।** नीमच जिले के गांव भाटखेडी निवासी चन्दाबाई पाटीदार पशुपालन से प्रतिमाह पचास हजार रुपये कमा कर, परिवार की आर्थिक सहायता कर रही है। चन्दाबाई का कहना है, कि उन्होने आठ वर्ष पूर्व 3 गायों से पशुपालन कर कार्य प्रारम्भ किया था। आज उनके पास घर पर ही पैदा हुई बछियाओं से 10 गायें है। इनमें से 4 दूध दे रही है तथा 6 गर्भवती है। चन्दाबाई प्रतिदिन 40 लीटर दूध डेयरी पर, बेचकर 50 हजार रूपये प्रतिमाह कमा रही है।

पशुपालक चन्दाबाई ने अपनी पशुशाला को आधुनिक तरिके से बना रखा है, जिसमें पक्का फर्श, चारा खाने की होदियों तथा पानी के लिए ऑटोमेटिक टब लगा रखे है। इससे मानव संसाधन की बचत होती है साथ ही चारा भी खराब नहीं होता है और पशुशाला की सफाई भी जल्दी हो जाती है।

पशुपालक चन्दाबाई अपने पशुओं को घर का तैयार मक्का का दलिया, उड़द की चूरी पशु आहार एवं कपास्या खली के साथ मिनरल मिक्चर खिलाती है, जिससे पशुओं का स्वास्थ्य अच्छा रहता है और उनकी दूध उत्पादन क्षमता भी बढ़ती हैं।

पशुपालक चन्दा बाई कहती है, कि वे प्रतिवर्ष गाय से बछिया प्राप्त करती है। बछिया के जन्म से दुधारु पशुओं की संख्या में वृद्धी हो रही है वह अपने पशुओ का सेक्स सार्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान करवाती है ताकि अधिक से अधिक मादा बछिया पैदा हो। इस तरह चंदाबाई ने पशुपालन से आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर वे अपने परिवार की समृद्धि में भी सहायता कर रही है। दुग्ध उत्पदन से उन्हें समृद्धि की राह मिली है।

## निर्मल स्वभाव एवं सरल चरित्र के धनी श्यामलाल धनोतिया हुए सेवानिवृत्त

### मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने सेवानिवृत्ति पर सम्मान कर दी विदाई

**मंदसौर। मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मंदसौर के नोडल अधिकारी तथा मार्केटिंग डेवलपमेंट असिस्टेंड योजना प्रभारी श्री श्यामलाल धनोतिया 40 वर्षों की शासकीय सेवा से आज सेवानिवृत्त हो गए है। विभाग आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आपने शासन के निर्देशों का पालन किया और समय पर कार्य पूर्ण कर एक मिसाल पेश की जिसे हमारा विभाग कभी भूल नहीं सकता। खुशी इस बात की है कि आपने 40 साल इस विभाग को दिए और दुख इस बात का है कि आप आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं।**

उक्त बात मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कंबल केंद्र मंदसौर में वक्ताओं ने कही। अवसर था मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग



बोर्ड के नोडल अधिकारी श्री श्यामलाल धनोतिया के सेवानिवृत्ति का। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आप बडे ही निर्मल स्वभाव एवं सरल चरित्र के धनी है। आपका मुस्कराने वाला चेहरा हमें हरदम याद आएगा। जब भी आप किसी कार्य को हाथ में लेते थे उसे समय से पूर्व करवाते थे। आपका सेवाकाल बडा ही शानदार रहा। आपके पास कम्बल केंद्र के साथ-साथ नोडल अधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार था।

श्री श्यामलाल धनोतिया के सेवानिवृत्ति पर प्रबंधक श्री अजीत कुमार प्रजापति, सहायक प्रबंधक श्री ध्रुवसिंह गुर्जर, जिला प्रभारी श्री दिनेश रेकवार, कम्बल केंद्र कर्मचारी सर्वश्री राजेंद्र सिंह, कैलाश गायरी, राजेश तिवारी, मोहनलाल कुरवीय, जितेन्द्र शर्मा, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के श्री कुलाडे, श्री शिवनारायण, निरज उइके सहित समस्त स्टॉफ कर्मचारियों ने आपको शॉल श्रीफल भेंटकर साफा बांधकर सम्मानित करते हुए पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

**एक नजर** नगर परिषद व मातृशक्ति की पहल को मिला नागरिकों का समर्थन

## गरोठ में पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत कपड़े की थैली का अनावरण

**गरोठ।** नगर परिषद गरोठ द्वारा पॉलीथिन/प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत गुरुवार दोपहर 3 बजे नगर के शहीद चौक सब्जी मंडी क्षेत्र में कपड़े की थैली का अनावरण किया गया। इस अभियान में नगर परिषद के साथ नगर की मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान सब्जी मंडी के व्यापारियों एवं नगरवासियों को पॉलीथिन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया। उपस्थित नागरिकों एवं व्यापारियों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए पॉलीथिन के उपयोग को बंद करने एवं कपड़े की थैली अपनाने का संकल्प लिया।



अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा ?20 मूल्य की कपड़े की थैली मात्र ?5 सह-शुल्क पर सब्जी मंडी व्यापारियों एवं नागरिकों को वितरित की गई, जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जुड़ सकें।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा, सभापति एवं पार्षद राजू मगर, पार्षद प्रतिनिधि रविन्द्र पूरी गोस्वामी, धर्मेंद्र शर्मा, रामसिंह जादौन, पूर्व सभापति एवं पार्षद सरिता सेठिया, रानी अग्रवाल, दया मालवीय, नगर के स्टार ग्रुप की महिला सदस्य शकुंतला गुप्ता, अनीता दानगढ़, उषाजी घड़ियां, सुमित्रा मोदी, अरुणा सेठिया, नरेश व्यास, रविंद्र पाटीदार, मोहन मेघवाल, जगदीश मेहर, उपयंत्री राहुल गणावा, सुरेश मालवीय, रामपाल नरवाल, सब्जी मंडी के समस्त व्यापारी, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।